# जेएसपीएल फाउंडेशन ने ट्रक ड्राईवरों के लिए लगाया नेत्र जांच शिविर

रायगढ़। ट्रक ड्राइवर्स एवं हेल्पर्स राष्ट्र के आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण धुरी हैं, जो निरन्तर बिना रुके अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में उनके आंखों की जांच और उपचार न केवल आर्थिक विकास को गति प्रदान करते हैं। बल्कि इसके साथ सड़क सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। विगत दिनों उड़ीसा में उक्त उद्गार व्यक्त करते देश के प्रख्यात उद्योगपति नवीन जिन्दल ने ट्रक चालकों आंखों की जांच और सुरक्षा की पहल की थी। उनके इसी पावन पहल का अनुसरण करते आज जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा पतरापाली ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग एरिया में ट्रक चालकों एवं हेल्परों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा आक्युपेशनल हेल्थ एन्ड सेफ्टी एवं फोर्टिस ओपी जिन्दल हॉस्पिटल की सहभागिता में आज पतरापाली ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ट्रक पार्किंग एरिया में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉक्टर ने ट्रक ड्राइवरों के आंखों की जांच व उपचार करते हुए सुरक्षा के उपायों के बारे में बताया गया तथा उन्हें चश्मे भी उपलब्ध कराए। इस दौरान सभी चालकों के ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई।



लगातार 05 एवं 6 फरवरी दो दिनों तक चले इस शिविर से लगभग 90 ट्रक चालक एवं हेल्पर्स लाभान्वित हुए। नेत्र शिविर में फोर्टिस ओपी जिन्दल हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर दानेश्वर वर्मा, नेत्र सहायक शत्रुघन आदित्य व सहायिका शोभा टोप्पो, रामनारायण पटेल ने सेवाएं दी। शिविर में महाप्रबंधक कर्नल रोहिणी कुमार पाठक, महाप्रबंधक संजीव गर्ग, आक्युपेशनल हेल्थ एन्ड सेफ्टी के प्रमुख अतनु चटर्जी, डॉ. संजय नामदेव सहित सीएसआर के उप महाप्रबंधक शिशिर तरफदार विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि उड़ीसा में वृहद स्तर पर साइट सेवर्स की सहभागिता में नेत्र जांच उपचार अभियान का शुभारंभ करते जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल का मानना है कि ट्रक चालक देश की तरक्की में अग्रिम मोर्चे के सिपाही हैं और यह पहल उन लोगों के जीवन निर्माण में व्यापक सार्थक सहयोग का हिस्सा है। जेएसपीएल फाउंडेशन पूरे वर्ष भर ट्रक ड्राइवरों एवं उनके सहायकों के लिए एचआईव्ही एड्स जागरूकता के कार्यक्रम संचालित करता है और प्रति माह छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसायटी की सहभागिता में एचआईव्ही जांच शिविर आयोजित की जाती है।